# मोदी ने बढ़ाया महिलाओं का सम्मान और स्वाभिमान : बाबूलाल मरांडी

**भाजपा का शक्ति वंदन, स्वयं सहायता समूह और एनजीओ संपर्क अभियान की एक दिवसीय कार्यशाला**

**शक्ति वंदन कार्यक्रम के माध्यम से 10 करोड़ महिलाओं तक पहुंचेगी भाजपाः लाजवंती झा**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** महिला वोटरों से संपर्क साधने के लिए भाजपा राष्ट्रीय स्तर पर शक्ति वंदन कार्यक्रम चला रही है। शनिवार को हरमू पटेल धर्मशाला में शक्ति वंदन एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी। इसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

उन्होंने प्रदेश के महिला स्वयं सहायता समूहों के साथ संवाद किया और उन्हें सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है दो करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना है और 2024 में सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र के साथ मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा महिलाओं के लिए कई प्रकार की विकास योजनाएं चलायी जा रही हैं। इन योजनाओं का सीधा लाभ महिलाओं तक पहुंचे इसके लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। श्री मरांडी ने कहा कि कहा कि नारी शक्ति को मजबूती देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशेष सत्र बुलाकर महिलाओं को आरक्षण देते हुए विशेष कानून पास किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को केंद्र में रखकर कई प्रकार की महत्वाकांक्षी योजना लेकर देश की महिलाओं को लाभान्वित किया है। शक्ति वंदन अभियान की राष्ट्रीय प्रभारी सह बिहार की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लाजवंती झा ने कहा कि 2024 में महिला वोटरों का प्रतिशत बढ़े इसके लिए इस अभियान में तेजी से कार्य करना है। झा ने कहा कि इस अभियान के तहत देश भर की 10 करोड़ महिलाओं तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी एवं हटिया विधायक नवीन जयसवाल ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से 30 लाख स्वयं सहायता समूह की बहनों से मिलना है और उनको मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं को बताना है।

प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर ने कहा कि महिला मोर्चा की कार्यकर्ता नरेंद्र मोदी को दुबारा प्रधानमंत्री बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। कार्यक्रम का संचालन गीता बलमुचू एवं धन्यवाद ज्ञापन विनीता कुमारी ने किया। कार्यशाला में नीलम यादव, मंजुलता दुबे, डॉ सीमा सिंह, रेणुका मुर्मू, सरिता पांडेय, रूपा सिंह, रेणु तिर्की, रेखा महतो, सोनी हेमरोम, रागिनी सिन्हा, लक्ष्मी कुमारी, शकुंतला देवी, मालती गिलुवा, रीता क्षेत्री एवं महिला मोर्चा की पदाधिकारी कार्यसमिति सदस्य, जिला प्रभारी एवं संयोजक उपस्थित हुए।

# प्रदूषण मुक्त होगा बड़ा तालाबः संजय सेठ

**सांसद संजय सेठ की पहल रंग लायी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शहर के लिए सांसद संजय सेठ की पहल रंग लायी। अब अपर बाजार, किशोरगंज चौक सहित आसपास के क्षेत्र का गंदा पानी सीवरेज प्लांट के माध्यम से स्वच्छ होकर बड़ा तालाब में जायेगा। इसके लिए सीवरेज प्लांट तैयार है। इसका ट्रायल भी चल रहा है। बहुत जल्द ही इसका उद्घाटन होगा। सांसद संजय सेठ ने सिवरेज प्लांट का निरीक्षण किया और उसकी कार्यप्रणाली को दिखा। बताते चलें कि विगत कई वर्षों से स्वामी विवेकानंद सरोवर बड़ा तालाब में आसपास के क्षेत्र का गंदा पानी बड़ी मात्रा में जा रहा है। इस वजह से बड़ा तालाब में प्रदूषण भी हो रहा है। इसका असर जलीय जीव जंतुओं के साथ आसपास के पर्यावरण पर भी देखने को मिल रहा है। सांसद संजय सेठ ने इसके लिए लगातार प्रयास किया कि तालाब का पानी स्वच्छ हो सके। इसी प्रयास की कड़ी में यहां सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनकर तैयार हुआ है। लगभग 8 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से यह प्लांट तैयार हुआ है, जहां प्रतिदिन 30 लाख लीटर पानी को साफ किया जायेगा। इसके बाद यह पानी बड़ा तालाब में जायेगा। इससे तालाब प्रदूषण मुक्त हो सकेगा। जलीय जीव जंतुओं के साथ आसपास रहने वालों को भी राहत महसूस होगी। पर्यावरण भी स्वच्छ हो सकेगा। अपने निरीक्षण के क्रम में सांसद संजय सेठ ने बताया कि यह प्लांट अभी ट्राइल पर चल रहा है। बहुत जल्द इसका उद्घाटन किया जायेगा। विगत कई वर्षों से बड़ा तालाब के प्रदूषित होने की जानकारी मिल रही थी। खुद भी कई बार इसके प्रदूषण को देखा है। इस वजह से बड़ा तालाब में बनी स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष भी आने-जाने में लोगों को समस्या होती थी। सीवरेज प्लांट के माध्यम से पानी स्वच्छ होगा तो नागरिकों का आकर्षण बड़ा तालाब की तरफ फिर से बढ़ेगा। सांसद श्री सेठ ने कहा कि ट्रीटमेंट करके पानी तालाब में डाला जायेगा। इससे तालाब भी प्रदूषण मुक्त हो सकेगा और क्षेत्र के लोग भी राहत की सांस ले सकेंगे।











**सैनिक स्कूल तिलैया**
पो–तिलैया डैम,
जिला–कोडरमा (झारखण्ड)

विद्यालय के प्राचार्य, अधिकारी, कर्मचारियों एवं छात्रों की ओर से झारखण्ड वासियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएँ ।

**सूचना**

अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा दिनांक 28 जनवरी 2024 को आयोजित होगी। जिसका परिणाम नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के वेबसाइट https://exams.nta.ac.in/AISSEE / पर प्रकाशित किया जाएगा।

No- SST/EST/23 प्राचार्य



















**JAGANNATH JAIN COLLEGE**
(A CONSTITUENT UNIT OF VINOBA BHAVE UNIVERSITY)
NAAC Accredited 'B'

JHUMRITELAIYA 825409, DIST. KODERMA (JHARKHAND)
Ph: (06534) 222540 (O) 224871 (R)
Website : www.jjcollege.edu.in
Email-principal@jjcollege.edu.in

26 जनवरी 2024, गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से सभी शिक्षक, शिक्षकोत्तर कर्मी, छात्र – छात्राओं एवं समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ । महाविद्यालय वर्ष 1960 से आज तक उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सदैव अग्रसर है । इंटर, स्नातक, स्नातकोत्तर, बी. एड., बी. सी. ए., के साथ–साथ इग्नू एवं नालंदा खुला विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं के लिए पठन–पाठन की सुविधा भी उपलब्ध है।

प्राचार्य






www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची 28 जनवरी, 2024, रविवार, वर्ष 09, अंक 98, माघ, कृष्ण पक्ष, तृतीया, संवत 2080, पृष्ठ : 24+24=48, मूल्य : ₹3.00

झारखंड राज्य खाद्य आयोग

जन वितरण प्रणाली (पी.डी.एस), पी.एम. पोषण (मध्याह्न भोजन), प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पी.एम.एम.वी.वाई.), आंगनबाड़ी केंद्र (आई.सी.डी.एस.) और कुपोषण उपचार केंद्र (एम.टी.सी.), से संबंधित शिकायत

वॉट्सऐप नंबर : 9142622194 पर भेजें

## बिहार में हो गया खेला, जदयू और राजद का गठबंधन टूटा

# नीतीश कुमार आज इस्तीफा देने के साथ सरकार बनाने का करेंगे दावा

**भाजपा के साथ एक बार फिर मिल कर बनायेंगे सरकार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना/नयी दिल्ली।** बिहार में जारी सियासी उथल-पुथल के लिए खेल जारी है। जदयू और राजद का गठबंधन टूट गया है। जदयू प्रमुख नीतीश कुमार और राजद प्रमुख लालू यादव के रास्ते अलग-अलग हो गये हैं। नीतीश ने एक बार फिर भाजपा का दामन थाम लिया है। पटना से दिल्ली तक बैठकों का दौर जारी है। नीतीश ने 28 जनवरी को जदयू के विधानमंडल दल की बैठक बुलायी है। साथ ही अगले दो-तीन दिनों के लिए पार्टी के कार्यक्रमों को टाल दिया गया है। राजद, भाजपा, जदयू सभी राजनीतिक दलों की अलग-अलग बैठक हो रही है। नीतीश ने देर शाम जदयू के विधायकों के साथ बैठक की। सूत्रों के मुताबिक नीतीश कुमार रविवार को इस्तीफा देंगे और इसी के साथ सरकार बनाने का दावा भी पेश कर देंगे। जदयू कोर कमेटी की बैठक में यह फैसला लिया जा चुका है। सूत्रों का दावा है कि नीतीश दो डिप्टी सीएम के साथ शपथ लेंगे।

उधर, राजद की बैठक के दौरान तेजस्वी ने दावा किया कि असली खेला होना अभी बाकी है। नीतीश हमारे आदरणीय थे और रहेंगे। जो काम दो दशकों में नहीं हुआ, वह हमने कम समय में कर दिखाया। राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि तमाम राजनीतिक गतिविधियों पर फैसला लेने के लिए लालू प्रसाद यादव को अधिकृत किया गया है। राजद के राज्यसभा सांसद अहमद अशफाक ने भी जदयू और राजद का रिश्ता टूटने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार को 17 साल तक राजनीतिक अस्थिरता में रखा है। बिहार की जनता नीतीश कुमार को माफ नहीं करेगी। कांग्रेस नेता प्रेमचंद्र मिश्रा ने कहा कि सीएम नीतीश जल्द भ्रम की स्थिति को स्पष्ट करें। वहीं जदयू एमएलसी नीरज कुमार ने कहा कि कोई कन्फ्यूजन नहीं है। नीतीश कुमार निर्वाचित सीएम हैं। दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान की बैठक हुई। पटना में भाजपा के कोर ग्रुप की बैठक भी हुई। भाजपा के राज्यसभा सांसद राकेश सिंह ने कहा कि दुनिया ने मोदी का सुशासन देखा है। अब बिहार की जनता भी मोदी का सुशासन देखना चाहती है।



### नीतीश कुमार केवल कुर्सी के हैं: सुप्रियो भट्टाचार्य

रांची (आजाद सिपाही)। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि नीतीश कुमार किसी के नहीं है। वह केवल कुर्सी के हैं। अगर नीतीश की बिहार की जनता के प्रति सोच होती, चिंता होती तो ऐसा विश्वासघात नहीं करते। इन्हीं वजहों से नीतीश कुमार को इंडिया गठबंधन का संयोजक नहीं बनाया गया।

### राजद की आदत नौकरी के बदले जमीन लेने की: नीरज कुमार

पटना (आजाद सिपाही)। जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि राजद नेतृत्व बेचैन है, क्योंकि उनकी आदत रही है नौकरी के बदले जमीन लेने की। लेकिन इस बार 2 लाख 15 हजार शिक्षकों की बहाली में न इनकी चली और न पदस्थापना और नौकरी देने में। इसीलिए अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं।

### किसी को इस्तीफा नहीं देना है : लालू

तेजस्वी के आवास पर आरजेडी विधायक दल की बैठक में लालू यादव ने सभी विधायकों को पटना में रहने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि सुख-दुख में सब साथ रहे हैं। हम लोगों ने जब-जब आप लोगों को बुलाया है आप एकजुट होकर आये हैं। लालू के संदेश को जन-जन तक पहुंचाइये। सरकार नहीं छोड़ना है। किसी को इस्तीफा नहीं देना है।

### पता नहीं नीतीश के मन में क्या है : खड़गे

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि उनकी पार्टी बिहार राजनीतिक संकट के बीच आइएनडीआइए गठबंधन में मतभेदों को दूर करने की पूरी कोशिश कर रही है। उन्हें जदयू के गठबंधन छोड़ने के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने नीतीश कुमार को पत्र लिखा है और उनसे बात करने की कोशिश भी की है।

## जमीन के बदले नौकरी मामले में राबड़ी, मीसा और हेमा को समन

**दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने सभी को 9 फरवरी को पेश होने को कहा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** लालू परिवार की मुसीबत बढ़ती दिख रही है। रेलवे में जमीन लेकर नौकरी देने के मामले में दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी, उनकी बेटी मीसा भारती, हेमा यादव और अन्य आरोपियों को समन जारी किया है। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने इडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए सभी आरोपियों को 9 फरवरी को अदालत में पेश होने को कहा है। अदालत ने व्यवसायी अमित कात्याल के लिए प्रोडक्शन वारंट भी जारी किया, जो फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने आदेश पारित करते हुए कहा- संज्ञान लेने के लिए पर्याप्त आधार हैं। इस मामले में ही राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद को 29 जनवरी और उनके बेटे और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को 30 जनवरी को पूछताछ के लिए दिल्ली के इडी ऑफिस में बुलाया गया है।




बर्लिन पब्लिक स्कूल

चांदनी चौक, कांके, रांची







डॉ. बिरसा उरांव
रांची जिला कांग्रेस (ग्रामीण उपाध्यक्ष)
निदेशक, बर्लिन पब्लिक स्कूल कांके, रोड, रांची

दिगंबर उरांव
बी.ए.एल.एल.बी ऑनर्स
अधिवक्ता उच्च न्यायालय, झारखंड

राहुल देव उरांव
बी.ई.(मैकेनिकल)
बी.आई.टी. मेसरा
एमबीए (आईआईएम, बंगलौर)

सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं एवं झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

# योजनाओं की गठरी हर चौखट तक पहुंची : हेमंत

**सरकार की योजनाओं से मुख्यमंत्री ने कराया अवगत, चार साल के काम का दिया ब्योरा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**दुमका।** उपराजधानी दुमका में सीएम हेमंत सोरेन ने गणतंत्र दिवस पर झंडोत्तोलन किया। इस दौरान परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि प्रकृति की गोद में बसे संथाल परगना की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और वीर सपूतों की बलिदानी भूमि से झारखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देता हूं। मजबूत इरादे और बुलंद हौसले के साथ सरकार ने राज्यकर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना शुरू की है। 35 लाख जरूरतमंद को पेंशन, 20 लाख अतिरिक्त लोगों को राशन और 57 लाख से अधिक लोगों को सरकार वर्ष में दो बार वस्त्र प्रदान कर रही है। झारखंड आंदोलनकारियों की पहचान कर उनके आश्रितों और परिजनों को पेंशन और सम्मान देने की मुहिम चलायी जा रही है। गरीब और वंचित वर्ग के युवा आज विदेशों में शिक्षा ले रहे हैं। योजनाओं की गठरी बनाकर गांव-गांव और पंचायत-पंचायत तक लाखों जरूरतमंदों के द्वार तक सरकार पहुंची है। सीएम ने कहा कि राज्य के लोगों से किये वादे को पूरा करते हुए अबुआ आवास योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत वर्ष 2027 तक राज्य सरकार अपनी निधि से आवासहीन और कच्चा घर में रहने वाले करीब 20 लाख परिवारों को तीन कमरों का पक्का मकान उपलब्ध करायेगी। वर्तमान वित्तीय वर्ष में दो लाख योग्य परिवारों को इस योजना से लाभान्वित किया जायेगा। सीएम ने कहा कि झारखंडवासियों की उन्नति, खुशहाली और सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं चलायी जा रही हैं। सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के माध्यम से सात लाख से अधिक किशोरियों को लाभान्वित किया गया है। सखी मंडल के रूप में ग्रामीण महिलाओं को संगठित कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त किया जा रहा है। सर्वजन पेंशन योजना के माध्यम से राज्य के हर जरूरतमंद को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के माध्यम से स्वरोजगार को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है।

## इडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भेजा फिर समन, कहा : या तो आप आइये या हम आयेंगे

**रांची (आजाद सिपाही)।** जमीन घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय ने एक बार फिर समन भेजा है। इडी ने उन्हें 29 से 31 जनवरी तक का समय दिया है। इडी ने पहले की तरह ही मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है कि पूछताछ के लिए या तो आप आइये या हम आयेंगे। एजेंसी ने 22 जनवरी को मुख्यमंत्री को समन भेज कर 25 जनवरी तक यह बताने को कहा था कि वह 27-31 जनवरी के बीच पूछताछ का कोई वक्त मुकर्रर कर एजेंसी को बतायें। उसे बाद इडी ने एक बार फिर पत्र भेज कर मुख्यमंत्री से समय और स्थान तय करने की बात कही है।

**DR. SHYAMA PRASAD MUKHERJEE UNIVERSITY**
**Ranchi, Jharkhand.**

**NOTICE INVITING RE-TENDER**

Dr. Shyama Prasad Mukherjee University, Ranchi-834008, Jharkhand invites re-tenders under two bid system (Part-I: Technical Bid and Part II: Financial Bid), from experienced and reputed Distributors/ Dealers/ Agencies only for **"Annual Rate Contract for Supply of Stationery Items at Dr. Shyama Prasad Mukherjee University, Ranchi."**

| S.No. | Activity | Date |
|---|---|---|
| 1. | Publication of Re-Tender Document in University Website | 28.01.2024 at 04:00 PM |
| 2 | Last Date & Time for Submission of Tender Documents | 03.02.2024 till 01:30 PM |

The detailed information about the tender document can be obtained from the office of the Section–Officer (General) or from the University Website: - www.dspmuranchi.ac.in.

**Memo: DSPMU/G/42/23**
**Dated: 27.01.2024**

**Sd/-**
**Registrar**
**DSPMU, Ranchi**

विनोबा भावे विश्वविद्यालय
हजारीबाग

75वां गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

विनोबा भावे विश्वविद्यालय पिछले तीन दशकों से शिक्षा की मशाल जलाते हुए शिक्षा जगत् में नए कीर्तिमान स्थापित करने में सफल रहा है। कला, विज्ञान, भाषा विज्ञान संस्कृति, परंपरा में बिखरे हुए ज्ञान के प्रत्येक बिन्दु को महासिंधु बनाने की ओर अग्रसर। सबका साथ, सबका विकास के कथन को चरितार्थ करते हुए 75वां गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर पूरे प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं अभिनंदन



श्रीमती सुमन कैथरीन किस्पोट्टा
कुलपति
विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग

# कोकर में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



रांची (आजाद सिपाही)। 26 जनवरी जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर कोकर में प्रातः 10:00 बजे से खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से डॉक्टर यूएस वर्मा, डॉ एस एन प्रसाद, डॉक्टर जेपी सिंह, संतोष महतो, वशिष्ठ पासवान, गणेश पासवान, मुन्ना पासवान, आलोक राज, महावीर मिर्धा, अनिल अग्रवाल, अजय अग्रवाल, सुनीता देवी, बीना देवी, संगीता देवी, मीना देवी, लक्ष्मी देवी, किशोर कुमार सिंह, दिलीप स्वर्णकार, किशोर कुमार सिंह आदि उपस्थित थे। सुबह- 10:00 बजे डॉक्टर यूएस वर्मा एवं सदर थाना के पुलिस पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया। टॉफी दौड़ में प्रथम राजेश, द्वितीय संजय, तृतीय सोनू, नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम मोनिका , द्वितीय नेहा, तृतीय शांति, सुई-धागा प्रतियोगिता में कविता प्रथम, मोनिका द्वितीय, अनीता तृतीय, बिंदी दौड़ में प्रथम रेखा, द्वितीय सरिता, तृतीय मोनी, स्लो साइकिल रेस प्रथम मोहन, द्वितीय राजेश, तृतीय बंटी, म्यूजिक चेयर रेस प्रथम माला देवी, द्वितीय अनीता देवी, तृतीय मोनिका। दोपहर 1:00 बजे खेलकूद प्रतियोगिता में उपस्थित सभी लोगों को भोजन कराया गया। शाम 4:00 बजे संतोष महतो के नेतृत्व में पुरस्कार वितरण किया गया।

# कोकर में राजू राम ने झंडा फहराया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** गणतंत्र दिवस पर कोकर जतरा टांड़ स्थित सुभाष चंद्र बोस में पासवान कल्याण समिति के अध्यक्ष राजू राम ने झंडा फहराया। बच्चों और मुहल्लावासियों के बीच मिठाई भी बांटी गयी। सुभाष चंद्र बोस के बताये मार्ग पर चलने आह्वान किया। इस कार्यक्रम में वशिष्ठ लाल पासवान, प्रकाश राम, संदीप पासवान, संजय कुमार राम, मनोहर कुमार राम, पप्पू पासवान, बंटी पासवान, छोटू पासवान, संतोष कुमार, गणेश पासवान, उमेश पासवान, अजय कुमार, विजय कुमार, विष्णु राम, राज कुमार राजा, अरविंद हाजरा और अन्य लोग उपस्थित थे

# स्टार इंटरनेशनल स्कूल कोकर में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** स्टार इंटरनेशनल स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रातः काल 9.30 बजे ध्वजारोहण प्राचार्या द्वारा किया गया। इसके बाद फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा प्रेप से पांचवी तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। बच्चों को दो समूह में विभाजित किया गया। बच्चों के साथ-साथ माताओं ने कार्यक्रम को आकर्षक बना दिया। समृद्धि कुमारी, मिस्टी, आराधना रानी, शिवांश मिश्रा, हर्षल कुमार, आयुष्मान साहनी, हर्षित कुमार झा, खुशी कुमारी, सिद्धार्थ शर्मा, आराध्या मिश्रा को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्वेता बुधिया ने बच्चों को पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सचिव संचयिता सिंह और प्राचार्या नीता जयसवाल ने सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। संचालन मिमी ने किया।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
किसान बचत परिवार सांढ
मजदूर बचत समिति नापो
महिला उत्थान समिति नापो

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विकास सेवा समिति बड़कागांव
अपना परिवार नापो
किसान बचत समिति हरली

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नेहा कंस्ट्रक्शन
प्रोपराइटर महेंद्र महतो

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अंबा प्रसाद
विधायक बड़कागांव
निवेदक
कांग्रेस कमेटी बड़कागांव

पिंटू कुशवाहा दिनकर
वरिष्ठ पत्रकार बड़कागांव
विज्ञापन एवं न्यूज के लिए संपर्क करें
7870421111

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
लीलावती कुमारी
मुखिया नयाटांड
निवेदक अजीत महतो

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जितेंद्र कुमार मंडल
बीडीओ
बड़कागांव

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुनीता देवी
मुखिया बादम पंचायत
निवेदक पूर्व मुखिया दीपक दास

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पारसनाथ प्रसाद
मुखिया संघ जिला उपाध्यक्ष सह कांडतरी मुखिया

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
निशि पांडे
केंद्रीय महासचिव
भारतीय जनतांत्रिक मोर्चा
सह समाजसेवी
बड़कागांव विधानसभा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मो. तकरीमुल्ला खान
मुखिया
बड़कागांव मध्य

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मुकुटधारी महतो
प्रशासनिक सांसद प्रतिनिधि
हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजू साव
वरिष्ठ भाजपा नेता

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विनोद कुमार तिर्की
थाना प्रभारी
बड़कागांव

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संगीता कुमारी
पंसस आंगों पंचायत
निवेदक मुनेश्वर गंझू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बिंदेश्वर उर्फ बिंदु दांगी
समाजसेवी
बड़कागांव

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
फुलवा देवी
बड़कागांव प्रमुख
निवेदक हेमंत भुइयां

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शिवलाल महतो
केंद्रीय अध्यक्ष विस्थापित संघर्ष मोर्चा सह पूर्व प्रत्याशी हजारीबाग लोकसभा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनिकेत कुमार नायक
चेपकला मुखिया सह केंद्रीय सचिव आजसू पार्टी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजीव कुमार बेदिया
झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य सह केंद्रीय सचिव झामुमो
निवेदन
संजय सिंह
झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बड़कागांव

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गीता देवी
जिप सदस्य बड़कागांव पूर्वी निवेदक दीपक कसमाली

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रंजीत कुमार
बड़कागांव मुखिया संघ के अध्यक्ष

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
खेमलाल महतो
बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष भाजपा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सावित्री देवी
एएनएम
बड़कागांव

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मो. तारिक उर्फ बाबर
प्रखंड अध्यक्ष युवा कांग्रेस बड़कागांव

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनिल कुमार
समाजसेवी
बड़कागांव

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रौशनलाल चौधरी
केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी
निवेदक
संदीप कुशवाहा
केंद्रीय सदस्य आजसू पार्टी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पूजा पुरी
मुखिया चौपदार बलिया निवेदक चंदन पुरी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गणेश साव
मुखिया नपोकला पंचायत

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पंकज व्यास
आर्य इंफ्रास्ट्रक्चर ह्यूम पाइप फाइबर ब्लॉक, पैराकास्ट बाउंड्री वॉल सप्लायर

# शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में गणतंत्र दिवस मनाया गया



**रांची (आजाद सिपाही)।** शहीद शेख भिखारी कालेज ऑफ एजुकेशन में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया गया। झंडोत्तोलन महाविद्यालय के सचिव की उपस्थिति में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सपना त्रिपाठी द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत बीएड प्रशिक्षणार्थियों द्वारा स्वागत गीत से किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों द्वारा देश भक्ति गीत, भाषण और नृत्य इत्यादि कई कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। मंच संचालन बीएड प्रशिक्षणार्थी तसलीम अंसारी और प्रज्ञा टोप्पो के द्वारा किया गया। इस अवसर पर फिट इंडिया वीक कार्यक्रम में विभिन्न स्पर्धाओं के विजेताओं को प्रमाणपत्र एवं मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। महाविद्यालय के सचिव डॉ. प्रकाश कुमार वर्मा द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला। धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय की प्राचार्या द्वारा दिया गया। इस अवसर पर उन्होंने भारत को लोकतंत्र की जननी बताते हुए इसे और मजबूत करने का आह्वान किया।

NEW TOTAL SOLUTION
WELCOMES YOU
for
CELEBRATING
26th January HAPPY
REPUBLIC DAY

NEW TOTAL SOLUTION
Ramgovind Yaduvanshi Market, Mahuda More, Dhanbad. 7004165393
हमारे यहाँ
BANK RAILWAY S.S.C. DEFENCE
की तैयारी करायी जाती है।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
फनेश्वर यादव
प्रखंड अध्यक्ष
सहायक शिक्षक संघ
सिमरिया

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रोहन साहू
प्रखंड प्रमुख
सिमरिया

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विवेक कुमार
थाना प्रभारी
सिमरिया

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दामोदर गोप
प्रखंड उपप्रमुख
सिमरिया

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
छोटू सिंह भोक्ता
प्रखंड अध्यक्ष
आजसू पार्टी सिमरिया

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नितु सिंह
प्रखंड विकास
पदाधिकारी, सिमरिया

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
धर्मेन्द्र
कुमार दुबे
अंचल अधिकारी
सिमरिया

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रविण
सत्याथी
जिला महासचिव, बस
एसोसिएशन चतरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शारदा देवी
जिला अध्यक्ष
महिला मोर्चा राजद पार्टी
चतरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जयप्रकाश सिंह
समाजसेवी
सिमरिया

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नेहाल वारसी
प्रखंड समन्वयक
सिमरिया

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
देवनन्दन साहू
जिला परिषद सदस्य
पश्चिमी क्षेत्र
सिमरिया

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामचंद्र प्रसाद
अंचल निरिक्षक
सिमरिया

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज रजक
प्रचार्य
राज्य सम्पोसित +2
उच्च विद्यालय सिमरिया

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कुमार शुभम सिंह
जिला अध्यक्ष
किसान मोर्चा भाजपा
चतरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विनोद कुमार
उप डाकपाल
सिमरिया

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुखदेव राम
नाजिर अंचल कार्यालय
सिमरिया

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जबडा आजिविका
महिला संकुल
स्वालंबी सहकारी
समिति लिमिटेड
सिमरिया

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सारे जहां से अच्छा
हिंदुस्तां हमारा
मुखिया संघ, सिमरिया

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश मारंडी
शाखा सचिव
जनता श्रमिक संघ
धनसार कोलियरी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कुंती देवी जिंदाबाद
मनीष सिंह जिंदाबाद
लाल बहादुर
यादव
सचिव जनता मजदूर संघ
बस्टाकोला कार्यालय

झा.मु.मो.
26 JANUARY
समस्त झारखंड वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
रामदास सोरेन
घाटशिला विधायक सह
झामुमो जिला अध्यक्ष
पूर्वी सिंहभूम
जमशेदपुर झारखंड।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सारे जहां से अच्छा
हिंदुस्तां हमारा
अमित
अग्रवाल
भाजपा महानगर
युवा मोर्चा जिला
अध्यक्ष, जमशेदपुर
झारखंड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ना पूछो जमाने से कि, क्या हमारी कहानी है,
हमारी पहचान तो इतनी, हम सब हिंदुस्तानी है
मनोज यादव
झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य
सह पूर्व रणजी क्रिकेट
खिलाड़ी जमशेदपुर झारखंड

# गफलत में गठबंधन

विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए के विभिन्न घटक दलों के नेताओं की ओर से जिस तरह की बयानबाजी देखने को मिल रही है, वह साथ चुनाव लड़ने के इच्छुक दलों के लिए किसी भी रूप में सहज नहीं कही जा सकती। हालांकि गठबंधन के कई नेता विश्वास जता रहे हैं कि मामला आखिरकार सुलझ जायेगा, लेकिन इस बयानबाजी के निहितार्थ दूर तक जाते हैं। तृणमूल कांग्रेस चीफ ममता बनर्जी का यह कहना सामान्य बात नहीं कि सीट शेयरिंग को लेकर कांग्रेस ने प्रस्ताव ठुकरा दिया है और वह पश्चिम बंगाल में अकेले चुनाव लड़ेंगी। ममता अपनी पार्टी की सर्वोच्च नेता हैं। वह जब किसी किंतु-परंतु की गुंजाइश रखे बगैर इस तरह का अंतिम लगने वाला बयान देती हैं, तो उसके गहरे मायने हैं। इससे पीछे हटना न केवल मुश्किल, बल्कि नुकसानदेह भी हो सकता है। पंजाब के मुख्यमंत्री और आप नेता भगवंत मान ने भी साफ-साफ कह दिया कि अन्य राज्यों में चाहे जो भी फॉर्म्युला निकले, पंजाब में पार्टी कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं करेगी। ध्यान रहे, पंजाब में कांग्रेस के नेता पहले से ही आप के साथ गठबंधन में जाने का विरोध कर रहे हैं। हालांकि मान का बयान आने के कुछ ही समय बाद आप की ओर से यह सफाई दी गयी कि सीट शेयरिंग को लेकर बातचीत अभी जारी है और वहां जो सहमति बनेगी पार्टी उसका पालन करेगी, लेकिन भगवंत मान का बयान इतना संकेत तो दे ही देता है कि समझौता हो भी गया तो उसे पंजाब में स्थानीय कार्यकर्ताओं के गले उतारना मुश्किल होगा। यह सब जैसे काफी न था, जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने के फैसले के बहाने बिहार के मुख्यमंत्री और जेडीयू नेता नीतीश कुमार ने भी सहयोगी दलों को निशाने पर ले लिया। उन्होंने न केवल इस फैसले के लिए मोदी सरकार की तारीफ की बल्कि यह भी कहा कि आजकल बहुत से लोग अपने परिवार को ही आगे बढ़ाने में लगे रहते हैं, पर उन्होंने (नीतीश कुमार ने) कर्पूरी ठाकुर की ही प्रेरणा से कभी अपने परिवार को आगे नहीं बढ़ाया। यह न केवल आरजेडी नेता लालू प्रसाद यादव पर हमला था, बल्कि पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा कांग्रेस नेतृत्व की अक्सर की जाने वाली आलोचना की भी एक तरह से पुष्टि थी। यह बयान ऐसे समय आया है, जब नीतीश कुमार की आइएनडीआइए से कथित नाराजगी पहले से ही चर्चा में है। विपक्ष के कई बड़े नेता इन बयानों को अनदेखा करने की सलाह देते हुए दावा करते हैं कि गठबंधन में सीट बंटवारे पर बातचीत का पॉजिटिव नतीजा जल्द ही सामने आयेगा। मगर तथ्य यह है कि ये बयान न केवल पार्टी कार्यकर्ताओं को बल्कि आम वोटरों को भी गलत संदेश दे रहे हैं। अगर इन पर रोक नहीं लगी तो इसका खामियाजा पूरे गठबंधन को मतदाताओं के अविश्वास के रूप में झेलना पड़ सकता है।

**पंजाब के मुख्यमंत्री और आप नेता भगवंत मान ने भी साफ-साफ कह दिया कि अन्य राज्यों में चाहे जो भी फॉर्म्युला निकले, पंजाब में पार्टी कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं करेगी।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए तनाव मुक्त माहौल बनाने, वैचारिक और अकादमिक उपलब्धि में सकारात्मक वृद्धि करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बड़े आंदोलन 'एग्जाम वॉरियर्स' का हिस्सा है। यह एक ऐसा आंदोलन है जो छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और समाज को एक साथ लाता है। इस कार्यक्रम का संदेश स्पष्ट है कि प्रत्येक विद्यार्थी अपने जीवन के उद्देश्यों को प्राप्त करने का प्रयास तो करे ही, साथ ही साथ उन उद्देश्यों की प्राप्ति में आने वाले तनाव का सुव्यवस्थित ढंग से प्रबंधन करे।

# परीक्षा पे चर्चा : तनाव से सफलता के लिए प्रधान अभिभावक का महामंत्र



अन्नपूर्णा देवी

यदि किसी राष्ट्र के नेता राजकाज के अतिरिक्त अपनी जनता के लिए एक अभिभावक की भी भूमिका अपना ले तो उस राष्ट्र के लोग निश्चित रूप से सौभाग्यशाली हैं। राम राज्य की भी यही तो सबसे प्रधान विशेषता थी। हमारे प्रधान मंत्री, श्री नरेंद्र मोदी जी समस्त भारतवासियों को अपना परिवार मानकर कुछ ऐसा ही सफल प्रयास कर रहे हैं। अभिभावक के रूप में नरेंद्र मोदी की भूमिका की एक अच्छी मिसाल उनका 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम है जिसके माध्यम से वह किशोर और युवा विद्यार्थियों की समस्याओं को समझ कर उनका मार्गदर्शन करते हैं।

'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए तनाव मुक्त माहौल बनाने, वैचारिक और अकादमिक उपलब्धि में सकारात्मक वृद्धि करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बड़े आंदोलन 'एग्जाम वॉरियर्स' का हिस्सा है। यह एक ऐसा आंदोलन है जो छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और समाज को एक साथ लाता है। इस कार्यक्रम का संदेश स्पष्ट है कि प्रत्येक विद्यार्थी अपने जीवन के उद्देश्यों को प्राप्त करने का प्रयास तो करे ही, साथ ही साथ उन उद्देश्यों की प्राप्ति में आने वाले तनाव का सुव्यवस्थित ढंग से प्रबंधन करे।

**परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में मुख्य रूप से तनाव न लेने की बात पर चर्चा होती है।**

हम अपने आस-पास देखते हैं कि कुछ विद्यार्थी परीक्षा का नाम सुनते ही भयभीत हो जाते हैं। कुछ परीक्षा पूर्व या परीक्षा के दौरान बीमार पड़ जाते हैं। कई विद्यार्थी तो निराशा, अवसाद आदि में चले जाते हैं। यही स्थिति विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके माता-पिता या अभिभावकों की भी होती है।




**आज देश ही नहीं, दुनिया के कई देशों के छात्र और अभिभावक बड़े मनोयोग से मोदी जी की परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का हिस्सा बन चले हैं। विभिन्न रिपोर्ट्स बताते हैं कि उपरोक्त कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षकों एवं परामर्शदाताओं की पहल से आशातीत परिणाम प्राप्त हुए है एवं परीक्षा को उत्सव के रूप में मनाने का दौर प्रारंभ हुआ है।**

शिक्षा और सीखने के द्वारा उपरोक्त समस्याओं के तो उत्तर मिलने ही चाहिए, साथ ही साथ जीवन को आनंददायी तरीके एवं कुशलता से जीने के कौशल भी प्राप्त होने चाहिए। इस बारे में प्रधान मंत्री मोदी का कथन है कि ₹सीखना एक आनंददायक, संतुष्टिदायक और अंतहीन यात्रा होनी चाहिए₹। इसीलिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 रट्टा मार पद्धति से कहीं अलग एक ऐसी पद्धति की ओर छात्रों को उन्मुख करने का प्रयास है, जहां छात्र सिद्धांत से कम और व्यवहार से ज्यादा समझे और अध्ययन के दौरान अधिक उत्सुकता और आनंद से अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

आनंददायी शिक्षा के लिए सबसे बड़ी बाधा परीक्षा ही प्रतीत होती है। परीक्षा पर गहराई से विचार करें तो यह विद्यार्थी जीवन में विद्यार्थियों के आकलन का केंद्र तो है, लेकिन साथ ही साथ विद्यार्थियों में तनाव पैदा करने का एक मुख्य स्रोत भी रही है। जबकि होना यह चाहिए कि परीक्षा केवल परीक्षा नहीं, सीखने की एक आनंददायक प्रक्रिया भी हो। जहां विद्यार्थी ने जो सीखा है एवं उसके अनुभव में जो वृद्धि हुई है, उसे उन अनुभवों के स्वतंत्र और व्यवस्थित अभिव्यक्ति के रूप में देखा जाये।

प्रधान मंत्री मोदी जी इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में एक उन्मुक्त मंच पर विद्यार्थियों से अपनी बात रखते हैं। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में मुख्य रूप से तनाव न लेने की बात पर चर्चा होती है। तनाव को कम करने के व्यावहारिक माध्यम क्या हो सकते हैं? परीक्षा के प्रति विद्यार्थियों का दृष्टिकोण कैसा हो? आदि, मुद्दों पर चर्चा भी मोदी जी स्वयं ही करते हैं। कई कार्यक्रमों में सार्वजनिक रूप से मोदी जी ने प्रकट किया है कि विद्यार्थी हमारे देश तनावग्रस्त होगा, या किसी अन्य प्रकार के मनोवैज्ञानिक दबाव में होगा तो ऐसी स्थिति में वह अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दे सकता। विद्यार्थी को इन अवस्थाओं से बाहर निकालने के लिए उन्होंने मुख्य रूप से शिक्षक, परिवार एवं अभिभावकों की भूमिका पर बल दिया है जिससे छात्र मुस्कुराहट के साथ परीक्षा दे सकें।

कई बार ऐसा देखने में आता है कि अपनी महत्वाकांक्षा की छाया तले माता-पिता अपने बच्चों की तुलना किसी दूसरे बच्चे से करते हैं। स्वाभाविक है कि एक बच्चे के ऊपर इसका नकारात्मक असर पड़ेगा और वह परीक्षा से दूर भागेगा। कई बार शिक्षक भी कक्षा के दूसरे बच्चों से अध्ययन में कमजोर किसी बच्चे की तुलना करते हैं, ऐसी स्थिति में वह बच्चा अध्ययन के प्रति उदासीन हो जाता है। ऐसी ही स्थितियों को टालने के लिए प्रधान मंत्री मोदी जी द्वारा परीक्षा पर चर्चा करना बच्चों के लिए ही नहीं बल्कि शिक्षकों और माता-पिता के लिए भी एक संदेश है कि कैसे परीक्षा से निबटा जाए। यदि हमने बच्चों के अंदर परीक्षा के प्रति आत्मविश्वास जगाया तथा उसे इस बात का विश्वास दिलाया है कि परीक्षा के परिणाम जो भी आए इस परिणाम से उसे सीख कर तथा निरंतर आगे उत्तरोत्तर प्रगति करते रहना है तो वह बच्चा परीक्षा से दूर नहीं भागेगा। आज हम बड़े शहरों में देख रहे हैं कि परीक्षाओं की काउंसलिंग के नाम पर बड़े और महँगे काउंसेलिंग सेंटर्स की भरमार हो चली है। ऐसी काउंसेलिंग मोदी जी बड़ी सहजता के साथ, बातचीत में ही करते चलते हैं।

यह सुखद है कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम आज केवल दिल्ली के ऑडिटोरियम तक सीमित नहीं रहा गया है। धीरे-धीरे इस कार्यक्रम ने संपूर्ण शिक्षा जगत एवं सभी हितधारकों को अपने साथ जोड़ा है।

आज देश ही नहीं, दुनिया के कई देशों के छात्र और अभिभावक बड़े मनोयोग से मोदी जी की परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का हिस्सा बन चले हैं। विभिन्न रिपोर्ट्स बताते हैं कि उपरोक्त कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षकों एवं परामर्शदाताओं की पहल से आशातीत परिणाम प्राप्त हुए है एवं परीक्षा को उत्सव के रूप में मनाने का दौर प्रारंभ हुआ है। विद्यार्थी तनावरहित होकर अब पूरी तैयारी के साथ परीक्षा में बैठते हैं और सफलतापूर्वक उज्वल भविष्य की ओर अपना मार्ग प्रशस्त करते हैं। देश के प्रधान अभिभावक के रूप में प्रधानमंत्री मोदी ने 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के द्वारा किशोरों और युवाओं के जीवन में एक नई आशा का संचार किया है, इसमें किसी को संदेह नहीं होना चाहिए।

**(लेखक : केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री हैं।)**

## झारखंड की खबरें

### गणतंत्र दिवस पर नमन कार्यालय में फहराया राष्ट्रध्वज

# भारत को विकसित देश स्थापित करने का लें संकल्प : काले

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था 'नमन' द्वारा साकची स्थित कार्यालय में हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन बडे ही हर्षोल्लास से किया गया। इस अवसर पर नमन संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले द्वारा बड़ी संख्या में शामिल महिलाओं, युवाओं और कई गणमान्यों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया, साथ ही सभी उपस्थित नमन परिवार के सदस्यों व उनके परिजनों द्वारा राष्ट्रीय गान गाकर देश के 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्र के प्रति सम्मान और देश प्रेम की भावना प्रकट की गयी। इस अवसर पर अमरप्रीत सिंह काले ने अपने उद्बोधन में उपस्थित नमन परिवार के सभी सदस्यों, उनके परिजनों व सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें देकर कहा आओ इस महत्वपूर्ण दिवस पर, हम सभी मिलकर राष्ट्रीय एकता और देश की समृद्धि की दृढ़तापूर्वक रक्षा करने का संकल्प करें। इस अवसर पर हम सभी संविधान में निहित आदर्शों और मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता सुनिश्चित कर लोकतंत्र को सशक्त बनाने और भारत को विकसित देश के रूप में स्थापित करने के संकल्प को मजबूत करें।




कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के राजेश पांडे और धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ पत्रकार बृजभूषण सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर सीजीपीसी के भगवान सिंह, निशान सिंह, जयप्रकाश राय, पीएन पांडे, रामकेवल मिश्रा, वरुण कुमार, जितेंद्र सिंह, कुलविंदर सिंह पन्नू, परमजीत सिंह काले, जसवंत सिंह भोमा, सुखविंदर सिंह निक्कू, राघवेन्द्र शर्मा, नरेंद्र सिंह निंदी, सतिंदर सिंह रोमी, सतनाम गंभीर, मलकीत सिंह, कश्मीर सिंह, प्यारेलाल साहू, सुजीत झा, लाला जोशी, अवधेश, सत्येंद्र सिंह, उमेश, सत्यप्रकाश, पंकज, उमेश सिंह, पूनम और अन्य मौजूद रहे।

# अनगड़ा में युवक को पंचायत ने सुनायी तालिबानी सजा

**दुष्कर्म के आरोप में युवक को पहले बर्बर तरीके से पीटा गया और फिर नपुंसक बनाने के लिए नग्न कर प्राइवेट पार्ट सहित पूरे शरीर पर मला गया जहरीला तेल, हुई मौत, 17 आरोपी गिरफ्तार**

नसीम अहमद सानी

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मेढ़ा गांव में दुष्कर्म के आरोपी युवक धनीराम मुण्डा (19 वर्ष) को पंचायत में तालिबानी सजा सुनाते हुए पहले उसकी बर्बर तरीके से पिटाई की गयी, उसके बाद नपुंसक बनाने के लिए नंगा कर प्राईवेट पार्ट सहित पूरे शरीर पर भेलवा का जहरीला तेल लगा दिया गया। एक सप्ताह बाद उसकी मौत हो गयी। घटना विगत 16 जनवरी की बतायी जा रही है। युवक की मौत के बाद पुलिस ने ग्राम प्रधान सहित 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। पूछताछ में सभी आरोपियों नें अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है।




क्या है पूरा मामला-बताया गया कि विगत 15 जनवरी को मेढ़ा गांव की एक युवती अपनी चार सहेलियों के साथ जोन्हा फॉल में लगा टुसू मेला देखने पहुंची थी। मेला देखकर घर वापस लौटने के क्रम में गांव के ही धनीराम मुंडा पिता स्व राधाराम मुंडा ने बीच रास्ते से युवती का अपहरण कर रखापतरा जंगल की ओर ले गया। उसके बाद धनीराम ने युवती के साथ जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। बाद में पीड़िता ने घटनास्थल से ही अपने चचेरे भाई को मोबाइल पर घटना की पूरी जानकारी दी। सूचना पाकर गांव के दर्जन भर लोग रात में ही जंगल पहुंच गये। पीड़िता और आरोपी युवक को पकड़ कर गांव लाने के बाद पंचायत भवन में आरोपी युवक को बंद कर दिया गया।

**घटना को लेकर 16 जनवरी को गांव में हुई पंचायत**-मामले को लेकर 16 जनवरी को ग्राम प्रधान सत्यनारायण मुंडा की अध्यक्षता में ग्रामीणों की एक पंचायत बुलायी गयी। पंचायत में तालिबानी फैसला सुनाते हुए युवक की पहले लाठी-डंडे से बर्बर पिटाई की गयी। उसके बाद नपुंसक बनाने के लिए भरी पंचायत में हीं युवक को नंगा कर प्राइवेट पार्ट सहित पूरे शरीर पर जहरीला भेलवा को कुट कर मल दिया गया। इस बीच धनीराम की स्थिति बिगड़ गयी। गंभीर अवस्था को देख परिजनों ने 24 जनवरी को जोन्हा स्थित सांई क्लिनिक नामक एक प्राईवेट अस्पताल में युवक को भर्ती कराया, जहां 25 जनवरी की सुबह उसकी मौत हो गयी। युवक की मौत की सूचना छोटे भाई बलराम मुंडा ने 25 जनवरी की ही सुबह अनगड़ा पुलिस को दी।

**पुलिस ने 17 आरोपियों को किया गिरफ्तारः** सूचना पाते ही अनगड़ा पुलिस सक्रिय हो गयी तथा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम प्रधान सत्यनारायण मुंडा सहित गांव के अनिल मुंडा, सुलेंद्र मुंडा, दिगंबर सिंह मुंडा, चरवाह मुंडा, शिवनाथ मुंडा, मनीनाथ सिंह मुंडा, कलिंदर मुंडा, प्रदीप मुंडा, जलेश्वर मुंडा, नरेश्वर मुंडा, मोहर सिंह मुंडा, रंगलाल सिंह मुंडा, पीतांबर मुंडा, कालेश्वर बेदिया, परमेश्वर मुंडा एवं खलिन्द्र मुंडा को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों में लड़की के पिता और चचेरे भाई भी शामिल हैं। इस संबंध में मृतक के छोटे भाई बलराम मुंडा के बयान पर 17 नामजद तथा 15-20 अज्ञात के खिलाफ भादवि की धारा 302, 328, 120बी, 34 सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। थानेदार दिलेश्वर कुमार ने बताया कि जांच चल रही है जल्द हीं मामले में कई अन्य लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है। इधर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजनों नें बताया निर्दोष-गिरफ्तार हुए आरोपियों के परिवार वालों ने कई को निर्दोष बताया। कहा कि इसमें कई लोग बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। बैठक में उपस्थित नहीं होने पर समाज से बहिष्कृत कर दिये जाने की धमकी मिलने के बाद वे डर से काम छोड़कर बैठक में शामिल होने गांव आये थे। उन्हें मालुम नहीं था कि युवक को इस तरह की क्रुर और अमानवीय सजा दी जायेगी।

# उप राजधानी में सीएम हेमंत सोरेन ने फहराया तिरंगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** सीएम ने कहा कि झारखंड तभी सशक्त होगा, जब गांव मजबूत होगा। इसी बात को ध्यान में रखकर सरकार द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, दीदी बाड़ी योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना जैसी कई लोक कल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही हैं। अब आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सरकार आपके दरवाजे पर पहुंचकर समस्याओं का समाधान कर रही है। इस दौरान लगभग 59 लाख आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से लगभग 23 लाख आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है।

### गरीबों का दर्द सुना, निष्पादन का निर्देश

**रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुमका राजभवन में आम लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और उसके त्वरित निराकरण का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि यह आपकी सरकार है, जो जन समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रयास है कि राज्यवासियों की परेशानियों को दूर कर उनके चेहरे पर मुस्कान ला सकें।**

**बेरोजगारी खत्म करने का संकल्प :** सीएम ने कहा कि बेरोजगारी खत्म करना सरकार के एजेंडा का महत्वपूर्ण संकल्प है। यह एक बड़ी समस्या है, यह सबके जीवन के साथ जुड़ा विषय है। पूर्ण रोजगार के लिए योजना बनाना कठिन जरूर है, लेकिन असंभव नहीं। रेलवे, बैंक आदि में नियुक्तियों में कमी आने के बाद नौकरी देने में राज्य पर निर्भरता बढ़ गयी है। सरकार ने माध्यमिक शिक्षक, सहायक अभियंता, निम्न वर्गीय लिपिक, दंत चिकित्सक, पंचायत सचिव, कोषागार लिपिक, सहायक लोक अभियोजक, चिकित्सा पदाधिकारी, नर्स, आयुष चिकित्सक आदि के पदों पर हजारों युवाओं को नौकरी दे चुकी है। निजी क्षेत्र में अब तक लगभग 60 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा है, इसके अलावे भी लगभग एक लाख युवाओं को निजी क्षेत्र में नौकरी मिली है। राज्य की लगभग 80 प्रतिशत आबादी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से अपनी आजीविका के लिए कृषि और संबद्ध गतिविधियों पर निर्भर है।

**किसानों के हित में कई योजनाएं**

सीएम ने कहा कि खुशहाल किसान, खुशहाल झारखंड के संकल्प को अमली-जामा पहनाने के लिए सरकार द्वारा किसानों के हित के लिए कई योजनाएं चलायी जा रही हैं। राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत आच्छादित परिवारों को प्रतिमाह एक किलोग्राम चना दाल बिना किसी शुल्क के उपलब्ध करवाने की कार्रवाई की जा रही है।

### सीएम ने किया सम्मानित

सीएम ने गणतंत्र दिवस समारोह में स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों को सम्मानित किया। एसएसबी और पर्यटन विभाग की झांकी को प्रथम पुरस्कार से नवाजा। इसके अलावा झारखंड आंदोलनकारियों के आश्रित को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया।

## झारखंड तीसरा मोर्चा का हुआ गठन



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में तीसरा मोर्चा का गठन शनिवार को प्रेस क्लब में किया गया। इसमें लालचंद महतो को सर्वसम्मति से संयोजक मनोनीत किया गया। चुनाव आयोग में निबंधित तेरह पार्टियों ने मिलकर मोर्चा बनाया। संयोजक ने कहा कि अन्य पंजीकृत पार्टियों से संपर्क साधा जा रहा है। आज की बैठक मे इवीएम हटाने पर प्रस्ताव लिया गया। आज की बैठक में आठ फरवरी को राज्यपाल के समक्ष धरना देने का भी निर्णय लिया गया। आज की बैठक में नौकरशाही में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरूद्ध जन आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया।

## वार्षिक खेलकूल प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दमखम




**रांची (आजाद सिपाही)। नो हेल्प टू बिग संस्था की ओर से शनिवार को राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय हुंदुर कांके में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन हुआ। खेलकूद में विजेता छात्र-छात्राओं के बीच पुरस्कार वितरित किये गये। विद्यालय के प्रधानाध्यापक चितरंजन कुमार ने कहा कि नो हेल्प टू बिग की अध्यक्ष डॉ प्राची जैन एम्स नयी दिल्ली में कार्यरत हैं और उनके मार्गदर्शन में संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर राकेश रंजन और अरुणिमा सिंह द्वारा किया जा रहा सेवा कार्य सराहनीय है। मुखिया रंजनी देवी ने कहा कि झारखंड में इस संस्था द्वारा विगत तीन वर्षों से शिक्षा, रोजगार और शुद्ध पेयजल पर कार्य किया जा रहा है, जिससे बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। कार्यक्रम में मुखिया रंजनी देवी, प्रधानाध्यापक चितरंजन कुमार, सीआरपी रविंद्र ठाकुर, जेएसएलपीएस जेंडर सीआरपी प्रीति देवी, विद्यालय के शिक्षक नागु उरांव, साकेत स्नातक, योगेंद्र प्रसाद, पुष्पा, रंजू, सुनीता, प्रियंका, गुलनाज आदि उपस्थित थे।**

# लिटिल विंग्स स्कूल में झंडा फहराया



रांची (आजाद सिपाही)। बूटी मोड़ स्थित लिटिल विंग्स स्कूल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ज्योति कुमारी के द्वारा झंडोत्तोलन के साथ हुई। विद्यार्थियों ने देशभक्ति पर आधारित नृत्य-संगीत से सजे रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि का स्वागत स्कूल की प्राचार्या नीता सिंह के द्वारा गुडलक पॉट, शॉल और मोमेंटो देकर किया गया।



5झारखंड जनशक्ति मजदूर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष ललित नारायण ओझा ने यूनियन की ओर से पिस्का मोड़ विश्वनाथ मंदिर मैदान में गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन किया। साथ ही थड़पकना स्तिथ डॉ एपीजे अब्दुल कलाम फाउंडेशन के प्रांगण में भी झंडोत्तोलन किया ।

# छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं : झामुमो

## आज राजभवन के समक्ष होगा धरना-प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** केंद्र सरकार और भाजपा के द्वारा केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर झारखंड सरकार एवं उसके मुखिया हेमंत सोरेन को प्रताड़ित करने के कारण कार्यकर्ताओं में घोर आक्रोश है। जिला समिति के द्वारा लिये गये निर्णय अनुसार कार्यकर्ताओं के आक्रोश की अभिव्यक्ति के रूप में शनिवार को जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक तक मशाल जुलूस निकाला गया। कहा गया कि भाजपा हमें छेड़ेगी तो छोड़ेंगे नहीं। 2024 में जनता झारखंड सहित पूरे देश से उखाड़ फेंकेगी। लोगों ने कहा कि रविवार को राजभवन के समक्ष जोरदार धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

मौके पर जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता, केंद्रीय सदस्य समनुर मंसुरी, चिंतामनी सांगा, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, जनक नायक, बीरू साहू, कलाम आजाद, सयुक्त सचिव सुजीत उपाध्याय, प्रवक्ता रांची अरविंद सिंह देवल, आफताब आलम, रामशरण तिर्की, डॉ तालकेश्वर महतो, कुदुस अंसारी, विक्रम सिंह, सुनील साहु, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नयन तारा उरांव, अरुण वर्मा, उपाध्यक्ष सालो देवी, सचिव शांति तिर्की, मो असलम, डॉ तनुज खत्री, कोषाध्यक्ष उषा उरांव, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष झबुलाल महतो, महिला मोर्चा रांची महानगर अध्यक्ष संध्या गुड़िया, सुनिता तिर्की, फैयाज शाह, युवा मोर्चा जिला सचिव सोनू मुंडा, उपाध्यक्ष आशुतोष वर्मा, संगठन सचिव रमजान रजा, कोषाध्यक्ष अजीत नायक, मंटू पांडेय, नंदकिशोर सिंह चंदेल, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष फरीद खान, उपाध्यक्ष शमीम मंसूरी, सचिव सुजीत कुजूर, परवेज आलम, रीना तिर्की, कयूम अंसारी, योगेंद्र राम, राजेश सिंह, गोपाल पांडेय, राकेश वर्मा, राजेश सिंह, अवधेश यादव, लाडले खान, राहुल वर्मा, संजय एरीक टोपो, राशिद अंसारी, लक्ष्मण राम, मोसरद परवीन, संध्या देवी, छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अमन तिवारी, उपाध्यक्ष भास्कर महतो, कांके प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी, मो असलम, रातू प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी, मो असलम, गौरव, रिशु, राकेश, अकबर कुरैशी, मोहम्मद नौशाद, परवेज अख़्तर, नौसाद आलम, मो शनावाज, मो तबरेज, अजय सोनी, मुन्ना यादव, अरविंद ठाकुर, अमन खान, मो गुड्डु, संजय सलमान अली, सोनू, प्रिंस, राजेश सिंह के अलावा सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आक्रोश के साथ भाग लिया।

# पूर्व मध्य रेल में हर्षोल्लास से मना गणतंत्र दिवस



हाजीपुर (आजाद सिपाही)। गणतंत्र दिवस पर पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर में 75वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा झंडोत्तोलन किया गया और राष्ट्रध्वज को सलामी दी गयी। स्काउट्स एंड गाइड के सदस्यों ने भी राष्ट्रीय धुन बजा कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इसके उपरांत उन्होंने रेल सुरक्षा बल और स्काउट्स एंड गाइड के परेड का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल और महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष रेखा खंडेलवाल ने आजादी के प्रतीकात्मक स्वरूप गुब्बारों को खुले आसमान में छोड़ा। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक तरूण प्रकाश, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमरेश कुमार और अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे। महाप्रबंधक ने पूर्व मध्य रेल द्वारा प्राप्त उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण भी प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि पूर्व मध्य रेल ने ऑरिजिनेटिंग रेवन्यू के मामले में चालू वित्तीय वर्ष में भारतीय रेल के सभी क्षेत्रीय रेलों में प्रथम स्थान हासिल कर लिया है।

> 150 मिलियन टन से ज्यादा की माल ढुलाई
>
> 25 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की हुई प्रारंभिक आय

चालू वित्तीय वर्ष में 9 जनवरी तक रिकॉर्ड 150 मिलियन टन माल ढुलाई की है, जो किसी एक वित्तीय वर्ष में सबसे कम 284 दिनों में इस लक्ष्य को पार किया गया है। इसके पहले पिछले वर्ष 312 दिनों में यह लक्ष्य प्राप्त किया गया था। इसी अवधि में कुल 25 हजार करोड़ रुपये की प्रारंभिक आय प्राप्त हुई है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 16 प्रतिशत और रेलवे बोर्ड द्वारा दिये गये लक्ष्य से तीन प्रतिशत अधिक है। ऊर्जा संरक्षण, जल संरक्षण एवं उत्तम अपशिष्ट प्रबंधन के लिए हाजीपुर, बापूधाम मोतिहारी एवं धनबाद स्टेशन को इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल द्वारा ग्रीन स्टेशन केटेगरी में प्रतिष्ठित स्वर्ण और राजेंद्रनगर -पं दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन को सिल्वर रेटिंग प्रदान की गयी है। महाप्रबंधक ने कहा कि - यही समय है, सही समय है। आइये हम साथ मिलकर अपने उपभोक्ता की मांगों के अनुरूप बेहतर सेवा प्रदान करते हुए पूर्व मध्य रेल को एक नये युग में ले जायें और भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में अपना योगदान दें।

# सेल रांची इकाइयों ने उत्साह के साथ मनाया गणतंत्र दिवस



**रांची (आजाद सिपाही)।** सेल रांची इकाइयों ने राष्ट्रवादी उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ 75वां गणतंत्र दिवस मनाया। इस्पात भवन में, कार्यपालक निदेशक निर्विक बनर्जी, आशीष चक्रवर्ती, वेद प्रकाश ने तिरंगा फहराया। इस्पात भवन के अलावा एमटीआइ में आशीष चक्रवर्ती द्वारा तिरंगा फहराया गया। सेल सीएसआर स्कूल में मुख्य महाप्रबंधक एके मिस्त्री ने तिरंगा फहराया। सेवा कार्यालय में महाप्रबंधक प्रभारी संजय सुमन द्वारा तिरंगा फहराया गया। एमटीआइ में बच्चों ने गुब्बारे उड़ाये। सीएसआर स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम मनमोहक रहा। निर्विक बनर्जी ने कहा कि अनुसंधान एवं विकास पहलों को समावेशी और टिकाऊ समाधानों की दिशा में तैयार किया जाना चाहिए, जो न केवल हमारे संगठन को बल्कि उस समाज को भी लाभान्वित करे, जिसका हम हिस्सा हैं। आशीष चक्रवर्ती ने कहा कि आज हम यहां खड़े हैं, उत्सव में एकजुट हैं। आइये हम अपनी लोकतांत्रिक भावना के गहन महत्व और संविधान में सावधानीपूर्वक अंतर्निहित सिद्धांतों पर विचार करें।


कार्यालय–पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
–सह– जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गढ़वा ।

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं ।

स्वच्छ गढ़वा — स्वच्छ भारत, एक कदम स्वच्छता की ओर — सुन्दर गढ़वा

जल–स्वच्छता संदेश 2024




26 जनवरी 2024 (गणत्रंत दिवस) के शुभ अवसर पर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा – सह – जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गढ़वा की ओर से सभी गढ़वा वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

जल जीवन मिशन के तहत "हर घर नल से जल" योजना अन्तर्गत गढ़वा जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर को FHTC (चालित नल) के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु गढ़वा जिला का कुल लक्ष्य 2,98,535 अदद है, जिसकी उपलब्धि वृहत एवं लघु जलापूर्ति योजना से कुल 1,76,684 अदद पूर्ण है, शेष बचे 1,21,851 अदद FHTC को पूर्ण करने हेतु 29 अदद वृहत जलापूर्ति योजना में 14 पूर्ण तथा 15 निर्माणाधीन है, एवं 1521 अदद एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजना में 894 पूर्ण तथा 627 निर्माणाधीन है, तथा Cluster& SVS से 2574 योजना से 69897 FHTC के लक्ष्य से 31 मार्च 2024 तक शत–प्रतिशत घर को नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु विभाग द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य कराया जा रहा है। जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) के तहत किये जा रहे कार्यों के उपलब्धि, समाज में व्यवहार परिवर्तन, पेयजल की गुणवता की जाँच, पेयजल को शुद्ध बनाये रखने हेतु उपाय इत्यादि गतिविधियों को LED Van के माध्यम से सभी प्रखण्डों में रूट चार्ट के अनुसार विडियो एवं ऑडियो से प्रदर्शित किया जा रहा है।

